<u>संदेश</u>

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक, भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार उमंग और उत्साह का प्रतीक है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर हम सब मिलकर विघ्नहर्ता श्री गणेशजी से प्रार्थना करें कि वे कोविड-19 आपदा के विरुद्ध किए जा रहे हमारे प्रयासों को सफल बनाएं और सभी को सुख एवं शांति प्रदान करें।

आइए, हम सब कोविड-अनुकूल व्यवहार करते हुए यह त्योहार उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं।

****